# नियोजित विकास की राजनीति Important Questions || Class 12 Political Science Book 2 Chapter 3 in Hindi ||

## 1 अंकीय प्रश्न

**प्रश्न 1 द्वितीय पंचवर्षीय योजना का खाका किसने तैयार किया ?**

**उत्तर:** पी. सी. महालनोबीस

**प्रश्न 2 'इकॉनोमी ऑफ परमानेंस' के लेखक कौन थे ?**

**उत्तर:** जे. सी. कुमारप्पा

**प्रश्न 3 भारत में नियोजित विकास का प्रमुख लक्ष्य क्या था ?**

**उत्तर:** आर्थिक विकास व सभी नागरिकों की भली।

**प्रश्न 4 जोनिंग शब्द से क्या अभिप्राय है ?**

**उत्तर:** इलाकाबंदी की नीति

**प्रश्न 5 उड़ीसा में किस धातु के विशाल भण्डार उपलब्ध थे ?**

**उत्तर:** लौह अयस्क

**प्रश्न 6 स्वतंत्रता के समय भारत के नीति-निर्माता किस मॉडल से प्रभावित थे ?**

**उत्तर:** समाजवादी मॉडल

**प्रश्न 7 मिल्क मैन ऑफ इंडिया के नाम से किसे जाना जाता है ?**

**उत्तर:** वर्गीज कुरियन

**प्रश्न 8 इलाकाबंदी (जोनिंग ) की नीति से बिहार पर क्या प्रभाव पड़ा ?**

**उत्तर:** खाद्यान्न की उपलब्धता में कमी

**प्रश्न 9 पी. सी. महालनोबीस कौन थे ?**

**उत्तर:** दूसरी पंचवर्षीय योजना के योजनाकार, प्रसिद्ध अर्थशास्त्री

**प्रश्न 10 हरित क्रान्ति का जनक किसको माना जाता है ?**

**उत्तर:** एम. एस. स्वामीनाथन

**प्रश्न 11 नियोजन का एक लाभ लिखिए ?**

**उत्तर:** समय सीमा के भीतर उद्देश्य प्राप्त करना।

**प्रश्न 12 श्वेत क्रान्ति से आपका क्या अभिप्राय है ?**

**उत्तर:** दूध व दूध से बनी वस्तुओं का उत्पादन बढ़ाना।

**प्रश्न 13 स्वतंत्रता प्राप्ति के वर्षों में विकास का क्या अभिप्राय था ?**

**उत्तर:** सबका समान विकास

**प्रश्न 14 हरित क्रान्ति से क्या तात्पर्य है ?**

**उत्तर:** खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाना।

**प्रश्न 15 पंचवर्षीय योजना का मॉडल भारत में किस देश से प्रेरित होकर अपनाया गया ?**

**उत्तर:** सोवियत संघ

## दो अंकीय प्रश्न :

**प्रश्न 1. बाम्बे प्लान क्या था ?**

**उत्तर:** 1944 में उद्योगपतियों के समूह द्वारा देश में नियोजित अर्थव्यवस्था चलाने हेतु तैयार किया गया प्रस्ताव।

**प्रश्न 2. विकास का केरल मॉडल क्या था ?**

**उत्तर:** इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, भूमिसुधार आदि पर जोर दिया गया।

**प्रश्न 3. ऑपरेशन फ्लड का प्रमुख उद्देश्य क्या था ?**

**उत्तर:** दुग्ध उत्पादकों को उत्पादन व विपरण के एक राष्ट्रव्यापी तंत्र से जोड़ा गया।

**प्रश्न 4. हरित क्रान्ति की शुरूआत किस परिस्थिति में की गई ?**

**उत्तर:** सूखा व अकाल के कारण उत्पन्न खाद्य संकट, गेहूँ आयात व विदेशी मदद खासकर संयुक्त राज्य अमेरिका की।

**प्रश्न 5. भूमि सुधार के अन्तर्गत उठाए गए किन्हीं दो कदमों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर:** जमीदारी प्रथा की समाप्ति व काश्तकारों को कानूनी सुरक्षा।

**प्रश्न 6. द्वितीय पंचवर्षीय योजना किस प्रकार प्रथम पंचवर्षीय योजना से भिन्न थी?**

**उत्तर:** प्रथम पंचवर्षीय योजना कृषि आधारित, जबकि द्वितीय उद्योग आधारित थी। पहली पंचवर्षीय योजना का मूलमंत्र था धीरज लेकिन दूसरी योजना की कोशिश तेज गति से संरचनात्मक बदलाव करने की थी।

**प्रश्न 7. 'जोनिंग' के कोई दो परिणामों का उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर:** विभिन्न राज्यों के बीच खाद्यान्न का व्यापार नहीं हो पा रहा था। बिहार (अकालग्रस्त) में खाद्यान्न उपलब्धता में भारी गिरावट आयी थी।

**प्रश्न 8. भारत की अर्थव्यवस्था को मिश्रित अर्थव्यवस्था क्यों कहते है ?**

**उत्तर:** 'क्योंकि भारत में पूँजीवादी व समाजवादी मॉडल दोनों के मिले-जुले मॉडल के गुण हैं।

**प्रश्न 9. भारत के लिए विकास पश्चिमी देशों से किस प्रकार भिन्न था ?**

**उत्तर:** भौतिक प्रगति के साथ-साथ वैज्ञानिक सोच तथा आर्थिक सामाजिक न्याय पर भी जोर।

**प्रश्न 10. पंचवर्षीय योजना अपनाने से भारत को क्या लाभ हुआ ?**

**उत्तर:** तेजी से आर्थिक विकास व खाद्य पदार्थ में वृद्धि।

**प्रश्न 11. ऐसे दो राज्यों के नाम लिखिए जहाँ HYV (High Yiedling Variety) बीजों का प्रयोग हुआ ?**

**उत्तर:** पंजाब व आन्ध्र-प्रदेश।

**प्रश्न 12. पोस्कोप्लांट का आदिवासी तथा पर्यावरणविद् क्यों विरोध कर रहे थे ?**

**उत्तर:** आदिवासियों को अपने आजीविका के छिन जाने व घर-बार से विस्थापित होने का डर था तथा पर्यावरणविदों का भय था कि खनन व उद्योग से पर्यावरण प्रदूषित होगा।

## चार अंकीय प्रश्न :

---

**प्रश्न 1. वामपंथ व दक्षिण पंथ में क्या अन्तर हैं ?**

**उत्तर:** वामपंथ – गरीब व पिछड़े सामाजिक समूह का पक्षधर लोक कल्याणकारी सरकारी नीति का समर्थक दक्षिणपंथ – खुली आर्थिक प्रतिस्पर्द्धा एवं बाजार मूलक अर्थव्यवस्था, अर्थव्यवस्था में गैर जरूरी हस्तक्षेप का विरोधी।

**प्रश्न 2. मिश्रित अर्थव्यवस्था की आलोचना किस आधार पर की गई ?**

**उत्तर:**

- निजी क्षेत्र को बढ़ावा नहीं
- घरेलू बाजार प्रतिस्पर्द्धाविहीन हो गया
- शिक्षा व चिकिस्ता में कम खर्च।
- राज्य के हस्तक्षेप के कारण एक नये मध्य वर्ग का उदय

**प्रश्न 3. योजना आयोग के मुख्य कार्यों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर:**

- देश के संसाधनों व पूँजी का अनुमान लगाना
- विकास की योजना बनाना
- विकास की प्राथमिकता निश्चित करना।
- विकास योजना के बाधक कारकों का पता लगाना।
- प्रगति की योजना का मूल्यांकन करना।

**प्रश्न 4. भारत में खाद्यान्न संकट के क्या परिणाम हुए?**

**उत्तर:**

- गेहूँ की आयात करना पड़ा।
- विदेशी मदद (USA) स्वीकार करनी पड़ी।
- खाद्यान्न आत्मनिर्भरता प्रदान करने की प्राथमिकता निश्चित की गई
- सरकार के विरूद्ध असंतोष बढ़ा
- जनता का नियोजन से अविश्वास बढ़ा।

**प्रश्न 5. स्वतंत्रता के समय भारतीय अर्थव्यवस्था की कौन सी समस्याएँ थी।**

**उत्तर:**

- कमजोर अर्थव्यवस्था
- प्रतिव्यक्ति निम्न आय
- निम्न जीवर स्तर
- कृषि का प्रभुत्व
- कृषि एवं उद्योगों का कम उत्पादन

**प्रश्न 6. भारत की मिश्रित अर्थव्यवस्था के मॉडल के मुख्य परिणामों का परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर:**

- कृषि व्यापार व उद्योगों का अधिकांश भाग निजी हाथों में छोड़ दिया गया।
- राज्य द्वारा निर्मित मुख्य भारी उद्योगों ने औद्योगिक ढाँचे, नियमित, व्यापार व कृषि में हस्तक्षेप किया। इससे निजी व सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों में वृद्धि हुई और इसने भावी विकास का आधार बनाया।

**प्रश्न 7. सुमेलित कीजिए :**

**अ) चौधरी चरण सिंह i) औद्योगीकरण**

**ब) पी.सी. महालनोबीस ii) इलाकाबन्दी**

**स) वर्गीज कुरियन iii) किसान नेता**



https://www.evidyarthi.in/

**द) बिहार का अकाल iv) सहकारी डेयरी**

**उत्तर:**

अ) iii),

ब) i)

स) iv)

द) ii)

## पाँच अंकीय प्रश्न :

---

**प्रश्न 1. निम्नलिखित पंक्तिया पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए –**

**"आजादी के बाद के पहले दशक में इस सवाल पर खूब बहस हुई उस वक्त लोग-बाग विकास की बात आते ही पश्चिम का हवाला देते थे कि विकास की पैमाना पश्चिमी मुल्क हैं।"**

**i) आजादी के समय विकास के कितने मॉडल प्रचलित थे ?**

**उत्तर:** पूंजीवादी व समाजवादी मॉडल

**ii) आजादी के समय भारत ने विकास का कौन सा मॉडल अपनाया ?**

**उत्तर:** मिश्रित अर्थव्यवस्था

**iii) विकास का अर्थ स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर:** आधुनिक व औद्योगिक होना।

**प्रश्न 2. कार्टून किस योजना की बात कर रहा है ? और इसके मुख्य उद्देश्य क्या हैं ?**

**i) प्रस्तुत चित्र में किस विवाद को इंगित किया गया है ?**

**उत्तर:** सार्वजनिक व निजी क्षेत्र का विवाद

**ii) इस विवाद का समाधान किस प्रकार किया गया ?**

**उत्तर:** मिश्रित अर्थव्यवस्था के द्वारा

**iii) दोनों पक्ष की ओर से एक-एक तर्क दीजिए ?**

**उत्तर:**

- सार्वजनिक क्षेत्र – आधारभूत ढांचा प्रदान करना।
- निजी क्षेत्र – बाजार अर्थव्यवस्था का पक्षधर।



## छः अंकीय प्रश्न :

**प्रश्न 1. स्वतंत्रता के पश्चात भारत में अपनाए जाने वाले आर्थिक विकास के मॉडल से सम्बन्धित सहमति तथा असहमति के विभिन्न क्षेत्रों का परीक्षण कीजिए।**

**उत्तर:**

**सहमति के क्षेत्र :**

- भारत के विकास का अर्थ आर्थिक वृद्धि तथा सामाजिक न्याय होना चाहिए।
- विकास के मुद्दे को केवल व्यापारियों, उद्योगपतियों व किसानो पर ही नहीं छोड़ा जा सकता है। अपितु सरकार को एक प्रमुख भूमिका निभानी चाहिये।
- गरीबी उन्मूलन तथा सामाजिक व आर्थिक वितरण के काम को सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी माना गया।

**असहमति के क्षेत्र :**

- सरकार द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका पर असहमति।
- यदि आर्थिक वृद्धि से असमानता हो तो न्याय की जरूरत से जुड़े महत्व पर असहमति।
- उद्योग बनाम् कृषि तथा निजी बनाम सार्वजनिक क्षेत्र के जुड़े मुद्दे पर असहमति।

**प्रश्न 2. भारत के आर्थिक विकास की बुनियाद (नीव) एवं भूमिसुधारों की दिशा में ____ नियोजित विकास के परिणामों का आकलन कीजिए।**

**उत्तर:**

**आर्थिक विकास :**

- विकास की बड़ी परियोजनायें जैसे भाखड़ा नांगल बाँध और हीराकुण्ड बाँध का निर्माण सिंचाई और विद्‌युत उत्पादन के लिए किया गया।
- बड़े उद्योग सार्वजनिक क्षेत्र में बनाए गए। जैसे स्टील प्लांट, तेल शोधक कारखाने आदि।
- ढांचागत सुविधाओं में सतत सुधार जैसे परिवहन और संचार इत्यादि में।

**भूमि सुधार :**

- जमींदारी व्यवस्था का उन्मूलन तथा भूमि सुधारो को लागू किया गया।
- हरित क्रांन्ति के माध्यम से खाद्यान्नो के उत्पादन में वृद्धि।
- सरकार ने किसानों से उनके उत्पादन को उचित मूल्य पर खरीदने की गारंटी दी।

**प्रश्न 3. स्वतंत्रता के बाद से लागू पंचवर्षीय योजनाओं की क्या उपलब्धियाँ रही वर्णन कीजिए।**

**उत्तर:**

- भारत के भविष्य की बुनियाद मजबूत
- भूमि सुधार प्रक्रिया आरम्भ।
- राष्ट्रीय आय में वृद्धि।
- सामाजिक न्याय स्थापित।
- साक्षरता में वृद्धि
- उत्पादन में आत्मनिर्भरता।

**प्रश्न 4. हरित क्रान्ति के सकारात्मक और नकारात्मक परिणामों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर:**

**सकारात्मक परिणाम**

- खाद्यान्नों में आत्म निर्भरता
- ग्रामीण आय में वृद्धि।
- खाद्यान्न आयात न होने पर विदेशी मुद्रा भण्डार बढ़ा
- औद्योगीकरण की प्रक्रिया तेज।
- रोजगार के अवसर बढ़े।

**नकारात्मक परिणाम**

- क्षेत्रीय असमानता बढ़ी।
- छोटे किसान एवं कृषि मजदूरों को लाभ नहीं।
- अमीर गरीब का अन्तर बढ़ा।
- वामपंथी दलों की गतिविधियाँ तेज।

**प्रश्न 5. आजादी प्राप्ति के बाद से भारत का विकास हो रहा है परन्तु फिर भी राष्ट्रीय एकीकरण के कुछ मुद्दे हल करना अभी बाकी है, उल्लेख कीजिए।**

**उत्तर:**

- निरक्षरता
- दरिद्रता
- जातिवाद
- भाषावाद